हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026



## खबर संक्षेप

### अमर्यादित टिप्पणी ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव।** भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले से बौद्ध समाज के लोगों में आक्रोश है। सोशल मीडिया पर की गई इस टिप्पणी को लेकर समाज के लोगों ने आज कोतवाली थाना पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की है।
भिलाई सुपेला निवासी विधि की छात्रा द्वारा बाबा साहेब पर सोशल मीडिया पर जाति आधारित अपमानजनक वीडियो पोस्ट किया गया। इसके बाद समाज के लोगों में वीडियो पोस्ट करने को लेकर आक्रोश बढ़ गया। बड़ी संख्या में आज बौद्ध समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अंबेडकरवादियों ने कोतवाली थाना पहुंचकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। बौद्ध समाज के लोगों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि बाबा साहेब के खिलाफ इस तरह से अपमानजनक टिप्पणी करने से सामाजिक व धार्मिक भावना आहत हुई है। समाज के लोगों ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग करते अनुसूचित, जाति-जनजाति थाना में भी ज्ञापन दिया है।

### डोंगरगढ़ में सट्टा का आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** अंकों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिखने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 17 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर आरोपी सैय्यद आसिफ 37 वर्ष को सिंघोला तालाब किनारे खैरागढ़ रोड डोंगरगढ़ के पास अंकों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 नग सट्टा-पट्टी, 1 डॉट पेन, नगदी 850 रुपए एवं 2 नग मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### माय एंगल




## अक्षय तृतीय आज: अंचल में सैकड़ों शादियां, व्यवस्था में छूट रहे पसीने

# शादी-ब्याह सहित शुभ कार्यों में गैस बन रही बाधा, जुगाड़ से पकेगा खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरमास की समाप्ति के साथ ही अब शादी-ब्याह सहित शुभ कार्यों की शुरूआत हो गई है। लोग गृहप्रवेश से लेकर अन्य शुभ कार्यों को लेकर तैयारियों में जुटे हैं। प्री-बुकिंग सिस्टम के चलते लोगों ने महीनों पहले से अपने पसंद के हलवाई से कैटरिंग की बुकिंग कर ली थी, लेकिन पिछले एक महीने से गहराए गैस संकट की वजह से इन शुभ कार्यों की रसोई पर भी दिक्कतें देखने को मिल रही है।

अलग खबर

हालत यह है कि शादी में आने वाले सैकड़ों-हजारों मेहमानों के लिए खाना बनाने एक सिलेंडर तक का जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जहां हलवाईयों ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। वहीं लोगों को भी कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। हालांकि कुछ आयोजनों में लकड़ी का उपयोग खाना पकाने के लिए किया जा रहा है। जिसकी वजह से लकड़ी की डिमांड में भी इजाफा देखने को मिला है।

उल्लेखनीय है कि हिंदू धर्म में खरमास की अवधि को अशुभ माना जाता है। यही कारण है कि इस दौरान किसी भी प्रकार का शुभ कार्य करने से लोग बचते हैं। हालांकि सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही देशभर में एक बार फिर मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। 14 अप्रैल को खरमास की समाप्ति के साथ 15 अप्रैल से विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। अप्रैल में 19 या 20 तारीख के आसपास से विवाह के मुख्य मुहूर्त शुरू होने की संभावना है, जो जुलाई तक चलेंगे। इस दौरान अप्रैल-मई में कई शुभ तिथियां हैं। शादी-ब्याह, मुंडन, गृहप्रवेश और यज्ञ जैसे शुभ कार्यों के लिए पंचांग खुल चुके हैं, लेकिन इस बार खुशियों के बीच गैस की समस्या एक बड़ी बाधा बनकर उभर रही है।

## अक्षय तृतीया दो दिन! मुहूर्त को लेकर संशय, आज और कल ढ़ेरों शादियां



**राजनांदगांव।** हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का दिन खुशियों और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग पूजा, दान और खरीदारी करते हैं और नई शुरूआत को अच्छा मानते हैं। इसे अबूझ मुहूर्त भी कहते हैं। यही कारण है कि इस दिन ढ़ेरों शादियां होती है, लेकिन इस बार अक्षय तृतीया को लेकर भी संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को सुबह 10.49 बजे शुरू होकर 20 अप्रैल को सुबह 7.27 बजे समाप्त होगी। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार व्रत और पूजा-पाठ के लिए उदयातिथि को मान्यता दी जाती है। इस साल अक्षय तृतीया की तिथि 19 और 20 दो दिनों को स्पर्श कर रही है। यही इस त्योहार की सही तारीख को लेकर संशय की वजह है। हालांकि 20 अप्रैल को वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि सुबह जल्दी समाप्त हो जाएगी। वहीं 19 अप्रैल को तृतीया तिथि लंबे समय तक रहने की वजह से इस दिन ज्यादा शुभ मुहूर्त है। यही कारण है कि अधिकांश स्थानों में आज ही अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जा रहा है।

### गिनती के सिलेंडर ही हो रहे जुगाड़, व्यवस्था पर असर

जहां एक तरफ लोग शादियों की तैयारी में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर कामर्शियल गैस सिलेंडर के नहीं मिलने से भी आयोजकों की दिक्कतें बढ़ गई है। बताया गया कि कैटर्स को ही मांग के मुकाबले 20 फीसदी सिलेंडर भी नहीं मिल रहे हैं। वहीं इस किल्लत के बीच ब्लैक मार्केटिंग करने वाले मुनाफाखोरों ने भी कीमतें बढ़ा दी है। कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में उतार-चढ़ाव के कारण हलवाइयों ने अपने पर प्लेट रेट बढ़ा दिए हैं। गैस की इस किल्लत और बढ़ती लागत को देखते हुए कई लोग अब पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों या इंडक्शन आधारित बड़े हीटिंग सिस्टम की ओर रूख कर रहे हैं। हालांकि ये हर जगह व्यवहारिक नहीं है।

### होने लगे शुभ कार्य

बीते एक महीने से सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष में प्रवेश के साथ 14 अप्रैल से खरमास की समाप्ति होते ही मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो गया है और क्षेत्र में एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। अप्रैल से जुलाई के बीच विवाह के लगभग 36 शुभ मुहूर्त उपलब्ध होने के कारण इस सीजन में शादियों की जबरदस्त रौनक रहने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर बैंड-बाजा, मैरेज हॉल, कैटरिंग सेवा से लेकर आचार्य-पंडितों तक की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

### बाजार में बढ़ी भीड़

खरमास खत्म होते ही सराफा बाजार, कपड़ा मार्केट और ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी उछाल देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों की भीड़ तो है, लेकिन लॉजिस्टिक और ईंधन की महंगी दरों के कारण शादियों का कुल खर्च पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत तक बढ़ गया है। हालांकि इसके बाद भी पिछले एक से दो सप्ताह से बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है।

### एजेंसी से निराश लौट रहे लोग

अपने परिवार में शादी, गृह प्रवेश सहित अन्य आयोजनों के लिए गैस की जरूरत को लेकर एजेंसी पहुंच रहे लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है। गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक कामर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई अब भी बाधित है। सीमित संख्या में ही कामर्शियल गैस सिलेंडर आ रहे हैं। उसके बाद भी उसमें पहले शासकीय शैक्षणिक संस्थाएं एवं अस्पतालों को आपूर्ति के निर्देश हैं। जिसके चलते आम ग्राहकों के हिस्से में गिनती के सिलेंडर ही आ रहे हैं। हालांकि शादी सीजन को देखते हुए कुछ राहत की मांग प्रदेशभर से आ रही है। जिसके चलते आने वाले दिनों में सरकार की तरफ से कोई गाईड लाइन जारी होने की संभावना भी जताई जा रही है।

# सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी, शिक्षक ने बांटे दर्जनों फर्जी नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ से धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शिक्षा के मंदिर में कार्यरत एक शिक्षक ने ही दो दर्जन से अधिक बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। आरोपी शिक्षक पर सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने और विभाग के सचिव के फर्जी हस्ताक्षर वाला नियुक्ति पत्र थमाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित युवाओं द्वारा इस मामले में सोमवार को शिकायत किए जाने की तैयारी है।

**सचिव के फर्जी हस्ताक्षर का सहारा**

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ में पदस्थ इस शिक्षक के अलावा रायपुर और केशकाल के दो लोगों ने युवाओं को झांसा दिया कि उसकी पहुंच शासन के ऊंचे स्तर तक है। आरोपी ने विभिन्न सरकारी विभागों में पद दिलाने का वादा कर युवाओं से मोटी रकम वसूली। विश्वसनीयता बनाने के लिए उसने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव के फर्जी सील और हस्ताक्षर का उपयोग कर बकायदा नियुक्ति पत्र भी तैयार किए, जिसे पाकर युवा खुद को सरकारी कर्मचारी समझने लगे थे।

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

डोंगरगढ़ के एक शिक्षक द्वारा ठगी किए जाने की शिकायतें अभी मेरे पास नहीं पहुंची है। यदि शिकायत मिलती है तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- प्रवास सिंह बघेल,** डीईओ

### दबाव बनाने पर दिया चेक

सूत्रों ने बताया कि मामले के खुलासे के बाद युवाओं ने उक्त शिक्षक से संपर्क किया और एफआईआर कराने की बात कही तो शिक्षक ने युवाओं को बकायदा लाखों रुपए के चेक भी दे दिए हैं। हालांकि बैंक में पैसा नहीं होने के कारण पीड़ित युवा अब चेक लेकर घूम रहे हैं।

### लाखों का लेनदेन

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रति उम्मीदवार लाखों रुपए का सौदा तय किया गया था, जब युवाओं को नियुक्ति पत्र की वास्तविकता पर संदेह हुआ और उन्होंने संबंधित कार्यालयों में पड़ताल की, तब जाकर इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। ठगी का शिकार हुए दो दर्जन से अधिक युवाओं ने एकजुट होकर अब इस मामले की शिकायत पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों से करने की तैयारी कर ली है। बताया जाता है कि उक्त शिक्षक के पास संकुल समन्यक का प्रभार है।

# हाईटेक ऑनलाइन सट्टा रैकेट का मास्टर माइंड नागपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाईटेक ऑनलाइन आईपीएल सट्टा रैकेट के मास्टर माइंड को पुलिस ने नागपुर से पकड़कर कार्रवाई की है। पूर्व में इस मामले में छह आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में साइबर सेल राजनांदगांव एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम द्वारा 6 अप्रैल को आईपीएल क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हाईटेक ऑनलाइन सट्टा रैकेट का खुलासा किया गया था।

**पूर्व में छह के खिलाफ हो चुकी कार्रवाईः** इस मामले में पूर्व में पुलिस ने मोहारा नाला के पास संचालित हाईटेक ऑनलाइन सट्टा में आरोपी वीरू प्रजापति, रूपेश पाण्डे, आयुष मेश्राम, मोहित देवांगन, लक्की देवांगन उर्फ नरेन्द्र देवांगन, मूलचंद प्रजापति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, चार्जर, नगदी रकम एवं सट्टा-पट्टी सहित लगभग 5,50,000 रुपए मूल्य की सामग्री जब्त कर कार्रवाई की गई थी।



### नागपुर से लाया गया

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आरोपी को नागपुर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सांई ऐप में सट्टा आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के नाम पर 5,000 से 10,000 रुपए तक लेता था तथा ऐप में तकनीकी त्रुटि आने पर उसे ठीक करने के नाम पर 2,000 से 3,000 रुपए फोन-पे एवं क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त करता था। आरोपी के कब्जे से एप्पल कंपनी का 1 नग मोबाइल जब्त किया गया है।

### नागपुर पहुंची टीम

पुलिस के अनुसार प्रकरण के मुख्य फरार आरोपी सादिक खान की लगातार पतासाजी की जा रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसके नागपुर में होने की पुख्ता सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के विशेष निर्देश पर थाना बसंतपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी की तलाश में रवाना किया गया।

### बसंतपुर थाना में दर्ज है मामला

इस मामले में थाना बसंतपुर में धारा 6, 7, 8 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम तथा 318(4), 112(2) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक विनय पम्मारम साइबर सेल, निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उपनिरीक्षक नरेश बंजारे, उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, उपनिरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक हरिश ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

# 2 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई



दुपहिया वाहन के डिक्की में अवैध रूप से गांजा रखकर ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। जिसके पास से 2 किलो गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मंगल तिवारी कुम्हारपारा अपने वाहन की डिक्की में गांजा बिक्री हेतु छिपाकर रखा है। सूचना पर थाना स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान टावर के पास मोटर साइकिल टीवीएस एक्सएल 100 पर एक व्यक्ति बैठा मिला, जिसने पूछताछ पर अपना नाम मंगल तिवारी बताया। तलाशी लेने पर मोटर साइकिल की डिक्की के अंदर लाल-पीले रंग के कपड़े के थैले में भूरा पदार्थ पाया गया, जो सैलो टेप से लिपटा हुआ था। मौके पर गवाहों के समक्ष तलाशी एवं बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। गवाहों द्वारा पदार्थ की पहचान सूंघकर, रगड़कर, जलाकर एवं एनडीपीएस किट के माध्यम से की गई। जिससे पुष्टि हुई कि उक्त पदार्थ गांजा है। बरामद गांजा कुल 2 किलोग्राम कीमती 20,000 एवं प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त कर धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया।






## खबर संक्षेप

### पहले ही दिन नहीं मिली देशी मदिरा

**खुज्जी।** वर्षों की मांग के बाद ग्राम में शराब दुकान खोल दिया गया है।




शराब दुकान खोलने के लिए तीन लोगों ने ने अपनी जमीन देने का प्रस्ताव विभाग को दिया था। तीनों जमीन विभागीय मापदंड के अनुरूप थी। अंततः एक जगह का चयन कर शराब दुकान शुरू कर दिया गया है। शराब दुकान खुलने से मदिरा प्रेमियों में हर्ष का माहौल है वहीं महिलाओं में नाराजगी है।

### बच्चों के लिए समर क्लास आज

**डोंगरगांव।** संस्कार मंडल ने स्थानीय जैन भवन में कल 19 अप्रैल को एक दिवसीय समर क्लास का आयोजन रखा है। निःशुल्क समर क्लास में 5 से 15 आयु के बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट बनाना सिखाया जाएगा। आयोजक संस्कार मंडल ने बच्चों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### ग्रामसभा में समस्याओं पर चर्चा

**खड़गांव।** पोषण पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का



आयोजन किया गया। ग्रामसभा में अधिकृत प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को पोषण पखवाड़ा के महत्व, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ विस्तार से दी। कार्यक्रम के दौरान नल-जल योजना सहित विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। ग्रामवासियों ने ग्रामसभा में शामिल होकर अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामसभा में पंच बिट्टू गुप्ता, नरेश चुरेंद्र, नेहा गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### विज्ञान संकाय में दामिनी प्रथम

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्थानीय परीक्षा के



परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 11वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा वहीं कक्षा 9 वीं में 69 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में दामिनी साहू ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, उपासना 88.8 ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। कला संकाय में रूपाली ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम तथा हेमलता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में दिव्या 80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, लीलम 73.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 9वी में प्रियांश साहू ने प्रथम, वीर यादव एवं भारती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। व्याख्याता अजय पाठक ने परिणाम की घोषणा की। इस मौके पर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन आदि मौजूद थे।

### अविषी को मिले 90 फीसदी अंक



**बांधाबाजार।** बांधाबाजार की निवासी एवं नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की छात्रा अविषी तिवारी ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। अविषी तिवारी के पिता रूपेश तिवारी एवं माता ममता तिवारी शिक्षा विभाग में कार्यरत है। शुरू से मेधावी अविषी तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय परिश्रम, शिक्षकों एवं परिजनों को दिया है।

### शराब बेचने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** शहर के ढीमरपारा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम अवैध शराब बेचा जा रहा है। उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों में काफी नाराजगी है। आबकारी और पुलिस विभाग के लोग मौके पर पहुंचते है किन्तु बिना कार्यवाही के लौट जाते है। वार्डवासियों का कहना है कि खुलेआम शराब बेचकर माहौल खराब किया जा रहा है।

### नई सोसाईटी का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** सेवा सहकारी समिति रेंगाकठेरा, झण्डा तालाब के वर्चुअल




उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि शशिकांत द्विवेदी थे। उन्होंने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मूलचंद लोधी, लक्ष्मीनारायण वर्मा, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर मंडावी, समनलाल वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, रामाधीन देवांगन, उर्वशी वर्मा, रमोतीन वर्मा, टीएल चन्द्रवंशी, शिशुपाल चन्द्रवंशी, ललित साहू, समयलाल, प्रवीण बोरकर आदि उपस्थित थे।

### जामरी नदी में रेत माफिया सक्रिय

**डोंगरगढ़।** ग्राम जामरी नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। नदी से बिना रॉयल्टी के ट्रैक्टरों में रेत भरकर बाहर भेजी जा रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले जामरी में बड़े पैमान पर रेत डंप करने का मामला सामने आया था। प्रशासन ने करीब 70-80 ट्र रेत जब्त किया था। जानकारी के अनुसार नदी किनारे पंप लगाकर पानी बाहर निकाला जा रहा है, ताकि रेत का उत्खनन किया जा सके। गांव के अंदर और सड़कों के किनारे जगह-जगह रेत का भंडारण देखा जा सकता है। पूछताछ करने पर ट्रेक्टर चालकों ने बताया कि उनके पास रॉयल्टी पर्ची या वैध अनुमति नहीं है।

## निधन

### दीनबंधु धारगांव

**डोंगरगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के सदस्य दीनबंधु धारगांव का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से संगठन सहित क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्व. धारगांव संगठन के समर्पित कार्यकर्ता थे। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### भानुमति साहू



**डोंगरगढ़।** ग्राम अछोली निवासी भानुमति साहू का 17 अप्रैल को गृहग्राम में निधन हो गया। वह ग्राम पंचायात अछोली के उप सरपंच पुखराज साहू की माता एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक - 03 के कार्यकर्ता थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिकजनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## स्टॉफ की कमी से ग्रामीणों को होना पड़ रहा परेशान

# प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा बदहाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी/चारभांठा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारभाठा प्रशासनिक उपेक्षा के कारण बीमार नजर आ रहा है। इस केंद्र की पूरी व्यवस्था केवल एक आरएमओ, एक नर्स और एक ड्रेसर पर टिकी है। 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों के उपचार की जिम्मेदारी संभालने वाला यह अस्पताल संसाधनों और स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। यहां ओपीडी संचालक और लैब तकनीशियन का पद रिक्त है। यहां प्रसव के केस निरंतर आते है किन्तु केवल एक नर्स की तैनाती से दिक्कत होती है। लैब तकनीशियन के अभाव में मरीजों को सामान्य जांच के लिए निजी सेंटरों में जाकर मोटी रकम खर्च करना पड़ता है।

### सालों से हो रही उपेक्षा

किसी समय बेहतर साख के लिए पहचाने जाने वाले इस केंद्र को विभाग ने अपने हाल पर छोड़ दिया है। स्टाफ की कमी विभाग की दीर्घकालिक लापरवाही का परिणाम है। अस्पताल में बढ़ते कार्यभार के बावजूद नई स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने से लोगों को समस्या हो रही है। अंचल के लोगों ने दिक्कतों को देखते हुए स्टाफ नियुक्ति सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने की मांग की है ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके।

### ड्यूटी टाईम में डॉक्टर गायब



**डोंगरगांव।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी जल संकट सामने आता है तो कभी भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठते है। डयूटी समय में डाक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों को आए दिन भटकना पड़ता है। अस्पताल की व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीज मौजूद थे, लेकिन एक भी डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं था। इस स्थिति पर श्री साहू ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को फोन कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

उन्होंने सीएमएचओ, एसडीएम और बीएमओ को स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। निरीक्षण के दौरान कमल वैष्णव, रोशन यदु, टिंकू देवांगन और सोभराय साहू उपस्थित थे।

### अव्यवस्था पर अधिकारियों की नजर नहीं

**डोंगरगढ़।** अछोली में बनाया गया शासकीय अस्पताल मजाक बनकर रह गया है। अस्पातल की सफाई व्यवस्था एक अहम मुददा बन कर सामने आया है। मरीजो को खाना देने का जिम्मा ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जिसने टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं किया है। मरीजों को निम्न स्तर का भोजन देकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। अस्पताल के कई डॉक्टर एवं कर्मचारीयों के स्थानांतरण होने के बाद भी वह अपनी सेवाए डोंगरगढ़ में ही दे रहे है।

### गांव में भी बुरा हाल

जानकारी के अनुसार ब्लाक में सात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 37 उपस्वास्थ्य केन्द्र है। उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक केन्द्रो के आधे से ज्यादा कर्मचारी डोंगरगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र में नजर आते है। कईयों को अटैच कर रखा है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों को मूल कार्य से अलग कर अन्य को जिम्मा सौंपा गया है। वर्तमान में लगभग एक दर्जन अधिकारी कर्मचारी स्थानांतण के बाद भी डोंगरगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र में काम कर रहे है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम करोड़ों महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम - 2023 को लेकर हालिया घटनाक्रम पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी संकीर्ण और नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है। जिसकी शिवसेना कड़ी निंदा करती है।

श्री सोनी ने कहा कि शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर शिवसेना पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े ऐसे कानूनों का समर्थन हर दल को करना चाहिए तथा इस मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। यह अधिनियम किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है, जिस पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। जबकि कांग्रेस ने दशकों तक महिलाओं के अधिकारों को सीमित रखने का काम किया है।

## किसानों की उम्मीद हुई पूरी सोनेसरार में खुली सोसाइटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

■ किसानों को मिलेगी बड़ी सुविधा : कैलाश

सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनेसरार का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने वर्चुअल माध्यम से किया। ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश शर्मा थे। अध्यक्षता धनीराम साहू ने की। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने सेवा सहकारी समितियां को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि नवीन समिति की स्थापना से किसानों को खाद-बीज, ऋण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में अजय वैष्णव, गिरधारी साहू, गणेशराम साहू, प्रीतम साहू, भावेश, गोविंद पटेल, निर्मल साहू, मूलचंद साहू, शोहदा साहू, कृत साहू, बलीराम कश्यप, खिलेंद्र साहू, विजय नायक, दिनेश साहू, दिलीप यादव, पुनीत गुपेंद्र साहू, दीपेश नायक, टूमेंद्र लाठियां, देवेंद्र साहू, नंदलाल भंडारी, हिरामन साहू, लिकेश साहू, पारस साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## केवाईसी के अभाव में अटका राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

■ गरीब उपभोक्ता हो रहे परेशान

ग्राम पंचायत कोपेडीह और आश्रित ग्राम आलीखुटा सहित आसपास के गांवों में राशन वितरण व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पिछले 7- 8 महीनों से राशन नहीं मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकानों में केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उन्हें अनाज नहीं दिया जा रहा। एपीएल कार्डधारियों के मामले में परिवार के किसी एक सदस्य का केवाईसी नहीं हुआ है तो पूरे परिवार को राशन से वंचित कर दिया जा रहा है। वहीं बीपीएल कार्डधारियों को आंशिक राहत मिल रही है। अन्य सदस्यों को राशन दिया जा रहा है लेकिन यह भी नियमित नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन दुकानों में सिस्टम बंद बताकर केवाईसी प्रक्रिया टाल दिया जाता है जिसके कारण लोग बार-बार राशन दुकान, जनपद पंचायत और लोक सेवा केंद्र के चक्कर काटने मजबूर हैं।



### शिकायत का समाधान नहीं

हितग्राहियों ने बताया कि वह पहले भी जनदर्शन और समस्या निवारण शिविर में शिकायत कर चुके हैं लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। तंग आकर हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और खाद्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। कलेक्टर की अनुपस्थिति में उन्होंने अपर कलेक्टर शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई और शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान रामहीन निषाद, उमेंद्र साहू, हरक साहू, जितेन चंद्रवंशी, नरेंद्र कंवर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों के साथ सरपंच, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, लिकेश गंधर्व और बोधन साहू भी मौजूद थे।

### बच्चे और ग्रामीण परेशान

## घोटिया तक पहुंचने पक्की सड़क नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

ब्लाक मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम घोटिया पहुंचने के लिए करीब 40 साल पहले मुरूम गिट्टी की सड़क बनाया गया था उसके बाद सड़क निर्माण के लिए किसी से पहल नहीं की है। बीते 40 सालों में गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं बन सकी है जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार 1984-85 के पंचायत चुनाव में घोटिया निवासी कटियाराम सरपंच निर्वाचित हुए थे। उन्होंने सरपंच रहने के दौरान डब्ल्यूबीएम सड़क का निर्माण कराया था। इसके बाद से आज तक सड़क निर्माण की पहल नहीं हो सकी है। इस कच्ची सड़क से कई विधायक, मंत्री आए गए लेकिन किसी ने भी सड़क का पक्का कराने की पहल नहीं किया। ग्राम के इतवारी राम ने बताया कि ग्राम शेरपार, घोटिया स्कूल पारा, घोटिया पटेल पारा, घोटिया हल्बा पारा तथा मरापीटोला में भी सड़क निर्माण नहीं हुआ है जिसके चलते बच्चे एवं महिलाओं को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में ज्यादा बारिश होने पर ग्रामीणों को टोहे मार्ग से 10 से 15 किलोमीटर तक सफर कर ब्लाक मुख्यालय पहुंचना पड़ता है।




### अन्नदाताओं के हाथ खाली

उल्लेखनीय है कि घोटिया के ग्रामीण धान, दलहन, तिलहन साग सब्जी की खेती कर भरण पोषण करते हैं। यहां के किसान समृद्ध हैं। यहां के कई लोग शिक्षक, इंजीनियर, बैंक मैनेजर, पायलट एवं डीएसपी जैसे पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं मगर विडंबना है कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा हैं।

### मौली हिरवानी कक्षा में सबसे आगे रही

**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित हिरवानी परिवार की बेटी मौली हिरवानी ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 90.40 प्रतिशत अंक हासिल किया है। प्रारंभ से मेधावी मौली संगीतज्ञ स्वर्गीय परस राम हिरवानी की पौत्री एवं नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी की भतीजी है। परीक्षा परिणाम आने के बाद अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सविता सिंह, प्रिंसिपल एकता खंडेलवाल, अंजलि ने उनके निवास स्थान पहुंचकर बधाई दी है। वहीं महेश साहू, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, घनश्याम साव, राजेंद्र शर्मा, ऋषि कुमार जैन, महेन्द्र यादव, सतीश पाण्डेय, लक्ष्मण साहू, टोमन साहू, गिरीश सोनी, राजु दुबे, अरुण गाँधी, आशीष ढोमने, महेश हेमनानी, प्रदीप टांडेकर, सोनिका श्रीवास्तव, शैलेन्द्र अग्रवाल, राकेश रत्नाकर, खेलन सार्वा ने भी बधाई दी है।



## जयंती पर विद्यालय में हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन



**डोंगरगढ़।** डॉ अम्बेडकर विद्यालय में बाबा साहब की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तूरे के निर्देशन में छात्र- छात्राएं कतारबद्ध रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रानू शुक्ला थी। डां शुक्ला आदि ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। प्रधान पाठक ने बुद्ध वंदना कराया। छात्र- छात्राओं ने गीत, भाषण, नृत्य कविता आदि प्रस्तुत किए। मनोज गजभिये ने अम्बेडकर की जीवनी पर कविता पाठ किया। अंत में डॉ शुक्ला ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। संचालन ए ब्राह्मणकर ने किया।

### जयंती पर निकली चलित झांकी

**खुज्जी।** संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर की जयंती अंचल में मनाई गई। जगह जगह रैली, संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान के जनक को याद किया। खुज्जी, दर्री, बेंदरकटा सहित अन्य ग्रामों में शोभायात्रा निकाला। दर्री के भीम आर्मी ने बाबा साहेब की चलित झांकी निकाल कर भ्रमण किया। समीपस्थ ग्राम बेंदरकटा में जयंती को लेकर सामाजिक जनों मे उत्साह का माहौल रहा। शोभायात्रा का समापन आंबेडकर भवन में हुआ। मंचीय कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### सक्रियता से बूथ में काम करें कार्यकर्ता

**डोंगरगढ़।** क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बरबसपुर, डूमरडीह कला सेक्टर का दौरा करते हुए सेक्टर पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों की बैठक ली।



उन्होंने बूथ अध्यक्षों और नए पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए क्षेत्र की रिपोर्ट ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पार्टी की असली ताकत उसके बूथ कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के निर्देशों का पालन करने और जनता के बीच जाकर जनहितकारी नीतियों का प्रचार करने को कहा। श्रीमती बघेल ने कहा पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का ईमानदारी से पालन करना है। बूथ स्तर पर हमारी मेहनत ही संगठन को अभेद्य बनाएगी।



## खबर संक्षेप

### चंद्रकुमार परीक्षा में प्रथम



**रामाटोला।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10वी की परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनंदगांव के छात्र चंद्रकुमार वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिव वर्मा और मोतिम वर्मा के पुत्र चन्द्रकुमार ने परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया। चंद्रकुमार ने इस सफलता के साथ अपने ग्राम झंडातलाव का नाम रोशन किया है।

### सीएमओ का तबादला

**डोंगरगढ़।** पालिका के सीएमओ खिलेन्द्र भोई का बालोद स्थानांतरण हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से तालमेल नहीं बैठने, बाहर से आने जाने, कार्यालयीन अवधि में मौजूद नहीं रहने तथा सुविधा और शिकायत की अनदेखी करने को लेकर चर्चा में थे। निर्माण कार्य और मूलभूत कार्यों की अनदेखी करना उन्हे भारी पड़ा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने सीएमओ के खिलाफ विभिन्न मामलों को लेकर प्रदर्शन किया था।

### कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं समग्र विकास के संबंध में अभिभावकों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना था। बैठक के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, आंतरिक मूल्यांकन, व्यवहार एवं उपस्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों ने भी अपने सुझाव एवं विचार साझा किए, जिन्हें महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सकारात्मक रूप से स्वीकार किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है, जब दोनों मिलकर कार्य करते हैं, तब विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है और उनका भविष्य उज्ज्वल बनता है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

### कौड़ूटोला में 26 को सामाजिक समरसता

**राजनांदगांव।** ग्राम कौड़ूटोला पिनकापार में आगामी 26 अप्रैल को 'सामाजिक समरसता सम्मेलन' का आयोजन किया गया है। संभागीय समिति के अनुमति से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नागवंशी गोड़ समाज के नाम से अलग संगठन बनाने वाले अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के सामाजिकजनों को उनके सहमति से गोड़ समाज में मिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

# बाजार पहुंचे मिट्टी के गुड़िया-गुड्डे, अक्षय तृतीया पर घर-घर रचाएंगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय तृतीया पर्व अक्ती को लेकर बाजार में रौनक बनी हुई है। बाजार में मिट्टी के बने गुड्डा-गुडियों की दुकानें सजी हुई है। पारंपरिक से हटकर आधुनिकता की झलक गुड्डा-गुडिया में दिखलाई देने लगी है। जिसके प्रति बच्चों का आकर्षण बना हुआ है। बाजार में अभी से इनकी मांग बढ़ने लगी है।

ज्ञात हो कि आगामी दिनों अक्षय तृतीया पर्व अक्ती है। इस दिन को अत्याधिक शुभ माना जाता है। मांगलिक आयोजन से लेकर कई शुभ कार्य अक्षय मुहूर्त पर किया जाता है, जिसे लेकर अंचल में हर्षोल्लास एवं उत्साह का माहौल है। इस महापर्व पर कई लोग सामाजिक पारंपरिक आयोजन भी करते हैं। खासकर अंचल में बच्चे व परिजन इस दिन घर-घर में गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाकर मंगल कामना करते हैं।

**शुरू हुई खरीदी**

पर्व के चलते बाजार में इन दिनों मिट्टी के बने गुड्डा-गुडियों की दुकाने सज चुकी है। गोलबाजार, जयस्तंभ चौक, पुराना गंज चौक सहित अन्य स्थानों पर दुकानें सजी हुई है। वहीं वैवाहिक समाग्रियों की दुकानें भी सजधज कर तैयार है। पारंपरिक के बजाए बाजार में पहुंचे गुड्डा-गुडियों में आधुनिकता की झलक नजर आने लगी है। आकर्षक मिट्टी के बने गुड्डा-गुडियों की लोगों के बीच मांग बननी भी शुरू हो गई है। इसके साथ ही गुड्डा-गुडिया की शादी रचाने के लिए लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है।



**तैयारियां जोरों पर**

शहर सहित ग्रामीण इलाकों में अक्षय तृतीया अक्ती पर होने वाले इस आयोजन की खुशियां और बच्चों व उनके परिजनों की व्यस्तता देखते ही बनती है। सुबह से घर-आंगन में तैयारियां शुरू रहती है। छोटे-छोटे मंडप बनाकर साज-सजावट कर वैवाहिक आयोजन की तैयारियों में जुटे रहते हैं। शाम होते ही गुड्डा-गुडिया को मंडप पर रखकर शादी रचाई जाती है। आसपास के लोगों को आमंत्रित भी किया जाता है। इस अवसर पर लोग मांगलिक आयोजन के लिए कामनाएं भी करते हैं। इस दौरान बच्चे बाजे-गाजे बजाकर भी कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। बहरहाल अक्षय तृतीया पर्व से पूर्व बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है।

### कलेक्टर ने जनगणना फील्ड प्रशिक्षण का लिया जायजा

# जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाली जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 18 अप्रैल को सागरपारा राजनांदगांव क्षेत्र में फील्ड प्रशिक्षण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी लेते आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसके लिए प्रगणकों को घर-घर जाकर सही जानकारी संकलित करने का अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोग जागरूक हैं और सहयोग कर रहे हैं। जिससे कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि 1 मई से मुख्य जनगणना कार्य प्रारंभ होगा, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी प्रगणक पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।



**मोबाइल एप के उपयोग का प्रशिक्षण**

सागरपारा राजनांदगांव में आयोजित फिल्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि इस बार जनगणना कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए प्रगणकों को मोबाइल ऐप के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में परिवार की जानकारी, आवास की स्थिति, संचार सुविधाएं तथा घर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे शौचालय आदि से संबंधित जानकारी को ऐप में दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही डेटा प्रविष्टि के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई।

**सही एवं पूर्ण जानकारी दें**

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि जनगणना देश के विकास की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी 15 दिनों के भीतर नागरिक स्व-गणना की प्रक्रिया का भी उपयोग कर सकते हैं तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी देकर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी प्यारेलाल नाग, नायब तहसीलदार राकेश नागवंशी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने जनगणना पोर्टल में भरी जानकारी

### प्रगणकों को प्रशिक्षण देने का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारत की जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण में मकान नंबरिंग तथा प्रगणकों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में अप्रैल माह के अंत तक ऑनलाइन जनगणना पोर्टर में जानकारी अपलोड करना है। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को समझ नगर निगम सभागृह में सामूहिक रूप से ऑनलाइन जनगणना पोर्टर में जानकारी भरी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आई-गॉट कर्मयोगी का सभी को अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग लेने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने निगम सभागृह में एकत्रित होकर एक साथ अपने-अपने मोबाइल से ऑनलाइन जनगणना पोर्टर पर स्वयं अपनी जानकारी भरी। आयुक्त के नेतृत्व में सभी कर्मियों ने पोर्टर पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर वन टाईप पासवर्ड प्रमाणीकरण कर आवास, पेयजल के अलावा परिवार संबंधी जानकारी दर्ज कर डिजिटल संदर्भ संख्या प्राप्त किए।

आयुक्त ने कहा कि जनगणना के दौरान संकलित डेटा पूर्णतः गोपनीय रहेगी। इस जानकारी का उपयोग सांख्यिकीय विश्लेषण और विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने परिवार, परिचित से भी ऑनलाइन जानकारी भराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में लगी हुई है, उन्हें 1 मई से घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करना है, जिन लोगों द्वारा ऑनलाइन जानकारी नहीं भरी जाएगी। उनसे जानकारी भी अपलोड कराना है। शासन के निर्देशानुसार जनगणना कार्य के दौरान अवकाश प्रतिबंध किया गया है। अतः कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के अवकाश पर नहीं रहेंगे।

**कर्मचारियों को ट्रेनिंग लेना अनिवार्य**

इस अवसर पर आयुक्त ने शासन की आई-गॉट कर्मयोगी योजना के संबंध में कहा कि उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम का सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग लेना है। जिनके द्वारा ट्रेनिंग नहीं लिया गया है, वे 30 अप्रैल तक सभी ट्रेनिंग पूर्ण कर लें, इसके लिए छोटे-छोटे प्रोग्राम निर्धारित है। ट्रेनिंग के पश्चात सर्टिफिकेट डाउनलोड करना है। आई-गॉट कर्मयोगी योजना का प्रमुख उद्देश्य अधिकारी-कर्मचारियों को विश्व स्तरीय सीखने, अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने और कौशल विकास के अवसरों के साथ सशक्त बनना है। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन गंभीरता से करना है। सभी कर्मचारी जनगणना एवं आई-गॉट कर्मयोगी जैसे महत्वपूर्ण कार्य का अनिवार्य रूप से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

# नाबालिग बालिका को सकुशल पुलिस ने भोपाल से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग अपने मां के साथ बाजार गई थी, जिसे अज्ञात आरोपी ने बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच करते नाबालिग को सकुशल भोपाल मप्र से बरामद किया। वहीं इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 12 फरवरी को प्रार्थी ने बकरकट्टा पुलिस थाना में एक रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसमें बताया गया कि उसकी नाबालिग बेटी जो अपनी मां के साथ बकरकट्टा बाजार गई थी, को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। शिकायतकर्ता की रिपोर्ट के आधार पर बकरकट्टा पुलिस थाना में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच शुरू की गई।

**पुलिस टीम भोपाल पहुंची**

पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबीरों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी और अपहृत पीड़िता की तलाश शुरू की। जांच के दौरान यह सूचना प्राप्त हुई कि वे भोपाल मध्यप्रदेश में मौजूद हैं। तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया और उन्हें उस स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को भोपाल के खिजड़ा रोड चेला मंदिर के पास से आरोपी जिसकी पहचान ललित वर्मा 26 वर्ष निवासी खिजड़ा रोड छोला मंदिर भोपाल स्थाई पता ग्राम हीरापुर थाना राजगढ़ जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश को हिरासत में लिया गया तथा उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया।

**आरोपी को किया गिरफ्तार**

पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करना स्वीकार किया। प्रकरण में विधि सम्मत कार्रवाई उपरांत आरोपी ललित वर्मा को 18 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# छात्र संघ चुनाव कराने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आदेशानुसार राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में आज भाजपा विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल को छात्र संघ चुनाव कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने बताया कि छात्र संघ चुनाव बंद हुए लगभग दस साल हो गए हैं। लगातार छात्रों की तरफ से चुनाव कराने की मांग हो रही है, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार छात्र संघ चुनाव कराने किसी भी तरह की नीति नहीं दिखा रही है। जिसका हम विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि छात्र संघ चुनाव कराया जाए। एनएसयूआई निरंतर छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में पहले ज्ञापन दे चुकी है। आज पूरे प्रदेश में भाजपा विधायक व मंत्रियों को एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्र संघ की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमारी सरकार ने छात्र संघ चुनाव कराने की घोषणा कर दी थी, लेकिन कोरोनाकाल होने के कारण चुनाव कराना संभव नहीं हुआ। अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो उनके घोषणा पत्र में छात्र संघ चुनाव कराने का वादा था, तो फिर उनको छात्र संघ चुनाव कराना चाहिए।



**पदाधिकारियों की रही उपस्थिति**

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष साहिल सागर एवं ब्लॉक अध्यक्ष साहिल वर्मा ने कहा कि अब छात्र संघ चुनाव कराना जरूरी हो गया है, क्योंकि महाविद्यालयों में प्राध्यापक, कर्मचारी अपने मनमर्जी से फैसले लेते हैं। जिसके चलते छात्रों को न्याय नहीं मिल पाता है। चुनाव से नए छात्र नेता बनते हैं, जो भविष्य में प्रदेश का नेतृत्व कर सकते हैं। अगर सरकार हमारी बात नहीं सुनती है तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। इस दौरान शुभम प्रजापति, युगल साहू, सागर यादव, होलेंद्र राजपूत, इमरान खान, आयान वारसी, जैद खान, विकास ऊईके, जयंत पटेल, लोकेश वर्मा, जफर खान, नमन, यमन शानदे, आकाश साहू, हितार्थ कुलदीप, आदित्य सिंह, देवराज वर्मा, जतिन पटेल एवं अन्य साथी मौजूद थे।

### भाजपा किसान मोर्चा का कार्यक्रम, रोडमैप तैयार

# गांवों में घर-घर पहुंचेगी मोदी-साय सरकार की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर के निर्देशानुसार जारी सघन प्रवास कार्यक्रम के तहत विगत दिनों डोंगरगांव और खुज्जी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मंडलों में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी, जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर और जिला महामंत्री घासीराम साहू ने सघन दौरा कर संगठन की मजबूती और किसान कल्याण का रोडमैप तैयार किया।

**बूथ स्तर पर जनाधार बढ़ाना संकल्प**

प्रवास के दौरान लालबहादुर नगर, छुरिया, गैंदाटोला, कुमर्दा और डोंगरगांव मंडलों में आयोजित बैठकों को संबोधित करते प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ने कहा कि भाजपा का मूल आधार हमारा बूथ कार्यकर्ता है। गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के माध्यम से हमें प्रत्येक किसान तक पहुंचकर उन्हें केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की महती योजनाओं से अवगत कराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जी-राम-जी अभियान को गति देने और किसानों से आत्मीय संवाद करने प्रेरित किया।

**अध्यक्षों के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब**

प्रवास कार्यक्रम के दौरान किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्षों टीकम साहू छुरिया, खेमचंद साहू गैंदाटोला, डॉ. खेमादास साहू डोंगरगांव, जितेंद्र वर्मा तुमड़ीबोड़ और लाल बहादुर नगर के मंडल अध्यक्ष ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को लामबंद किया।



**नए प्रकल्पों और कार्यकारिणी का होगा विस्तार : दादूराम**

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने संगठनात्मक चर्चा करते कहा कि मंडल स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार और नए ऊर्जावान चेहरों को जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने सलाह दी कि पार्टी के जनाधार को नीचे बूथ लेवल तक प्रमुखता से ले जाने हर पदाधिकारी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिला महामंत्री घासीराम साहू ने भी सांगठनिक अनुशासन और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**वरिष्ठ नेतृत्व और मंडल अध्यक्षों की रही सक्रिय भागीदारी**

दूसरे दिन के प्रवास में भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरिया कांताप्रसाद साहू, कुमर्दा अध्यक्ष हृदय देवांगन और डोंगरगांव अध्यक्ष दीनानाथ पटेल ने मंडल की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही जिला पंचायत सदस्य अनिता मांडवी, जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, जिला मंत्री भोजराज वर्मा, कोषाध्यक्ष भावेश वारु, जिला प्रकल्प सह-संयोजक मिथलेश साहू, मायाराम साहू एवं रमेश सोनवानी ने भी अपना महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

**बैठक में उपस्थित रहे कार्यकर्ता**

संगठन के इस महाभियान में शेखर भारद्वाज, श्यामसुंदर साहू, पद्मभूषण साहू, प्रीतम साहू, केदार यादव, तोरण वैष्णव, करण वाडोले, सोहन साहू, सेवाराम साहू, भूखन धनकर, नेमसिंह पटेल, शिशुपाल साहू, टीकम प्रसाद पांडे, देवानंद सहारे, दिलीप कलामे, गणपत साहू, यदुराम नायक, श्रवण निषाद, मिथलेश साहू, किशुन साहू, कमलनारायण साहू, ईश्वर साहू, बलराम साहू, मायाराम साहू, सुरेश साहू, भारत साहू, पुनीत साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव द्वारा दी गई।

# हथरेल में करियर गाइडेंस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गोंडवाना समाज केन्द्र सुवरबोड़ द्वारा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम हथरेल में 12 अप्रैल को 'सांस्कृतिक, संवैधानिक एवं कैरियर गाइडेंस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय समारोह में समाज प्रमुखों, विषय विशेषज्ञों, अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा-युवती एवं गोंड समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में गोंडवाना समाज के पूर्व संभागीय महासचिव तुकाराम कोर्राम उपस्थित थे। विशेष अतिथि शंकर शाह कुंजाम, चंद्रेश ठाकुर, ईश्वर ध्रुव, अरविंद कुमार गोटे, लखन सोरी, शिव कलामे, पुरन सिंह कुमोटी, धरमुराम किरंगे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

मुख्य प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम ने गोंड़ी भाषा एवं संस्कृति के अलावा गोंड़ समाज के इतिहास एवं विरासत के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। जिसका उल्लेख प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने अपने विश्व विख्यात पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में किया है।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिए टिप्स**

पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष लखन सोरी ने कहा कि हमारे युवा-युवतियों के सामने शासकीय नौकरी के अलावा व्यापार-व्यवसाय तथा आधुनिक तरीके से खेती किसानी के माध्यम से अपने जीवन को सजाने संवारने व्यापक अवसर है। थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव ने समाज के युवा-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस दौरान अरविंद गोटे, मन्ने मंडावी सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में भावसिंह कुमोटी, रैयसिंग सोरी, सुखराम तुलावी, प्रेमलाल मंडावी, दिनेश कुमार धुर्वे, रेशम नुरेटी, शेषराम धुर्वे, जेआर कोरचे, मन्ने मंडावी, धनसिंह कुंजाम, कृष्ण कुंजाम, सीताराम उपस्थित थे।

# बारिश के पूर्व बड़े नाली-नाले की सफाई

## शहर में निगम अमले के अभियान का किया जा रहा सतत निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष भी महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली-नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मार्च से नाला सफाई प्रारंभ किया गया है। चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालों की सफाई कराई जा रही है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल एवं जेसीबी के माध्यम से कर रहे हैं। जिसकी सतत निरीक्षण भी महापौर श्री यादव, आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। वहीं प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सभी नाला-नाली की सफाई का जायजा लेकर सफाई दरोगा को अपने-अपने क्षेत्र में चरणबद्ध सफाई कराने मार्गदर्शन दे रहे हैं।



### प्रथम चरण का अभियान जारी

नाला सफाई के संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने प्रथम चरण में नंदई चौक से सिंगदई चौक दोनों ओर, प्रभातनगर नाला, राजीव नगर सेंटर पुलिया से अस्पताल चौक, इंदिरानगर नाला से लोहा बाड़ा तक, कन्हारपुरी शीतला मंदिर एवं कर्मा भवन के सामने नाला, बीके नगर कच्चा नाला, शांतिनगर नाला, लखोली मेन रोड नाला, महामाया चौक से कल्याणिका देव स्थानक मंदिर तक नाला एवं भरकापारा के नालों की सफाई कराई जा रही है। शेष नालों की भी सफाई कराई जाएगी।

### फल सब्जियों का विनिष्टिकरण

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि जिन क्षेत्रों की नाला सफाई नहीं हुई है, वहां अविलंब सफाई प्रारंभ किया जाए। इसके अलावा अन्य नाले की सफाई जहां जेसीबी से कराना संभव नहीं है, वहां गैंग बनाकर सफाई कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण, सडे-गले फल व सब्जियों का विनिष्टिकरण, फागिंग स्प्रे आदि कार्य ग्रीष्म ऋतु में बेहतर रूप से संपादित किया जाए। उन्होंने ग्रीष्मकाल में होने वाले बीमारियों के रोकथाम व विभिन्न सफाई अभियान सम्पादित कराए जाने के साथ-साथ जल शुद्धिकरण अंतर्गत निगम सीमांतर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराने निर्देशित किया। इसके अलावा वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त किया जाए। सभी सफाई कर्मी निर्धारित समय तक सफाई करना सुनिश्चित करेंगे, लंबे समय से अनुपस्थित कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करें। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाकर जनमानस को भी स्वच्छता से जोड़े।

# 2 दिन में 379 किशोरियों को लगा निःशुल्क एचपीवी टीका

- राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव हेतु व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत दो दिनों में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष 90 दिन से कम आयु वर्ग की 379 किशोरियों का निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज में एचपीवी टीका निःशुल्क उपलब्ध है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित है। यह सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को 85 से 99 प्रतिशत तक कम करने में प्रभावी है। टीकाकरण के लिए यू-विन पोर्टल पर पंजीयन किया जा सकता है। साथ ही इच्छुक हितग्राही सीधे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पंजीयन कराकर टीकाकरण के उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। यह टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक है और इसके लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में टीकाकरण सत्रों के सुचारू संचालन हेतु 32 कोल्ड चेन पॉइंट्स एवं विशेष टीकाकरण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने जिले के सभी अभिभावकों से अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। एचपीवी टीकाकरण संबंधी अधिक जानकारी के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य कार्यकर्ता या मितानिन से संपर्क किया जा सकता है।

# मोबाइल कैम्प का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल कैम्प के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मोबाइल कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। पात्र हितग्राही श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं का लाभ लेने ऑनलाइन आवेदन जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, मोबाईल एप (श्रमेव जयते एप), नजदीकी लोकसेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे के माध्यम करा सकते हैं।

### पंचायतों में होंगे शिविर

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मलपुरी में 21 अप्रैल, खैरझिटी में 21 अप्रैल, कलेवा में 23 अप्रैल, कलडबरी में 24 अप्रैल, चवेली में 27 अप्रैल को मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह छुरिया के ग्राम पंचायत जोशीलमती में 21 अप्रैल, बरछाटोला में 24 अप्रैल, करेठी में 27 अप्रैल, आलीवारा में 29 अप्रैल एवं डोंगरगांव के ग्राम पंचायत सोनेसरार में 21 अप्रैल, पेंडरवानी में 23 अप्रैल, कोकपुर में 27 अप्रैल तथा डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत धनडोंगरी में 20 अप्रैल, मुंदगांव में 22 अप्रैल, अण्डी में 24 अप्रैल, करवारी में 27 अप्रैल, जटकन्हार में 29 अप्रैल को मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### सफाई का समय बदलने की मांग

**डोंगरगढ़।** भीषण गर्मी से सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समया बदलने की मांग की है। संगठन के प्रदेश सचिव नरेश करसे वाल्मीकि ने ज्ञापन में कहा कि तपती सड़कों पर घंटों झाड़ू लगाने वाले सफाई कर्मी, विशेषकर महिला कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने मानवीय आधार पर त्वरित कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कर्मचारियों को धूप से बचाने के लिए सफाई सुबह 6 बजे से 11 बजे तक करने, पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

# कृषि महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कृषि महाविद्यालय छुईखदान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता, सुरक्षा, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर से मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आरती गुहे उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. दीप्तिमयी दास, अध्यक्ष महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ तथा डॉ. ज्योति भट्ट, सदस्य सचिव महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ शामिल हुईं। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीएस असाटी, सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, तामिन एवं डॉ. सेवक ए ढेंगे ने किया।




### कार्यस्थल पर जागरूक रहने किया प्रेरित

मुख्य अतिथि डॉ. आरती गुहे ने पॉश एक्ट 2013 अंतर्गत महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, निवारण एवं रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित जागरूक रहने तथा सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ मानसिकता के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. दीप्तिमयी दास ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता तथा सकारात्मक कार्य वातावरण पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत प्रक्रिया एवं महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समितियों के कार्यों की जानकारी दी।

### प्रावधानों की दी जानकारी

डॉ. ज्योति भट्ट ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से पॉश एक्ट 2013 के विभिन्न प्रावधानों को विस्तार से समझाया तथा कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की घटना होने पर संबंधित समिति को सूचित करने की प्रक्रिया स्पष्ट की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की विभिन्न समितियों, शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका देवदास ने किया। अंत में डॉ. बीएस असाटी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. कन्हैया लाल, लैब टेक्नीशियन डॉ. रायसेन पाल, अतिथि प्राध्यापक डॉ. उमेश चन्द्र देशमुख, डॉ. अजीत, डॉ. प्रेरणा जायसवाल, डॉ. झरना चतुर्वेदानी, विक्रम खूंटे, अंजलि गिलहरे, शाखा अधिकारी कोमल प्रसाद गांवरे, लिपिक सुनील कुमार मधुकर, जलेश्वरी कंवर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### फुटकर व्यापारियों ने मेयर को बताई समस्याएं

**राजनांदगांव।** कमला कालेज के समस्त फुटकर व्यापारियों ने बीते दिनों भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह के साथ महापौर मधुसूदन यादव से मिलकर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। महापौर ने ना सिर्फ उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना, बल्कि स्वच्छता व अन्य विषयों को लेकर उन्हें समझाइश दी व अन्य समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। सभी व्यापारी संतुष्ट होकर लौटे और उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। महापौर ने वहां पर सभी को डस्टबिन रखने की बात भी कही।



### ओजस ने रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी का बढ़ाया गौरव

**राजनांदगांव।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित किया गया। जिसमें रिद्धी-सिद्धी फेस-2 निवासी डॉ. अजय श्रीवास्तव के सुपुत्र ओजस श्रीवास्तव ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर राजनांदगांव जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओजस युगांतर पब्लिक स्कूल का विद्यार्थी है और शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। यह खबर लगते ही कॉलोनी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सभी सदस्यगण एवं कॉलोनीवासियों ने बधाई देने घर पहुंचे । सभी ने ओजस की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दिए। बधाई देने के क्रम में बीएस देशमुख, सुनील बंजारी, योगेश्वर देशमुख, संपत सिन्हा, थंगेश्वर कुमार साहू, हर्षराज चौहान, अमित चौहान, चेतन साहू, हेमलाल साहू, चक्रधर साहू, अश्वनी वर्मा, संतोष पाठक, सोहन निषाद, कलीम खान, केशव देशमुख, पीआर झाडे, अनिल नेताम, राजेश डुमरे, रामकुमार कुर्रे, रेशमी साहू, शिल्पा चौहान, अनिता पाठक, तारा देशमुख, उर्वशी साहू, अर्चना, मेघना, अनुपमा, मीना वर्मा, सीमा सिन्हा, नीरा, रिद्धिमा, शोभा आदि एवं कॉलोनीवासियों ने शुभकामनाएं दी।



### शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन में बैठक के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला । बैठक में विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं उनसे जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को भी महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उनसे सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक में विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. खेमारानी दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद, गणेशी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



### अनूठी पहलः पेड़ों पर लगाए हाथ से बने घोसले

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जीव-दया की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। बढ़ती गर्मी को देखते कॉलेज परिसर में विभिन्न पेड़ों पर पक्षियों के लिए सुरक्षित बसेरा उपलब्ध कराने हस्तनिर्मित घोंसले लगाए गए। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के संरक्षण हेतु अनूठी पहल की गई। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पक्षियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इन घोंसलों का निर्माण विद्यार्थियों ने स्वयं बेकार पड़े कार्डबोर्ड और इको-फ्रेंडली सामग्री से किया है। इन घोंसलों को न केवल सुरक्षित बनाया गया है, बल्कि कलात्मक रंगों और तिनकों से सुसज्जित भी किया गया है, ताकि पक्षी इनकी ओर आकर्षित हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने कहा कि पक्षियों का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, जब विद्यार्थी स्वयं अपने हाथों से ये घोंसले तैयार करते हैं, तो उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और प्रेम की भावना जागृत होती है। इस अभियान में कॉलेज के सभी प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने पक्षियों के लिए नियमित दाना-पानी का संकल्प भी लिया।




## अप्रैल में भीषण गर्मी से बढ़ी बिजली की खपत

# गर्मी का डबल अटैक : ओवरलोड से ट्रांसफार्मर पस्त, अंचल में लो-वोल्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में अप्रैल माह में ही भीषण गर्मी का दौर शुरू होने के साथ ही बिजली की मांग ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बढ़ती गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलरों का इस्तेमाल बढ़ा है। जिसका सीधा असर बिजली के बुनियादी ढांचे पर पड़ रहा है। भारी लोड के चलते कई इलाकों में ट्रांसफार्मर जलने और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। बिजली विभाग के अफसरों का कहना है कि क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर गर्म होकर ट्रिप हो रहे हैं।

ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह से ही गर्मी में अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। हालात यह है कि 44 डिग्री तक पारा के पहुंचने के साथ ही देश के सबसे गर्म शहर के रिकार्ड में राजनांदगांव का नाम दर्ज हो चुका है। पिछले एक हफ्ते से भीषण गर्मी के साथ-साथ लू भरी हवाओं के चलने के कारण लोग हलाकान हो रहे हैं। इस बीच बिजली की मांग के अचानक बढ़ने के चलते शहर सहित जिलेभर के ट्रांसफार्मर लोड बढ़ते ही ध्वस्त हो रहे हैं। यही नहीं शहर सहित जिले में लो-वोल्टेज की शिकायतें भी सामने आने लगी है।



#### 20 तकनीकी स्टाफ के जरिये 40 फीडर

राजनांदगांव। शहर में सीएसईबी में तकनीकी स्टाफ का संकट होने के कारण अफसरों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में करीब 60 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। यहां 11 केव्ही के ही 40 फीडर हैं। कैलाशनगर और लालबाग जोन में मेन्टेनेंस आदि के लिए सिर्फ 20 तकनीकी स्टाफ मौजूद हैं। यही कारण है कि बिजली संबंधी शिकायतें सामने आने के कारण सुधार में भी समय लग रहा है। सूत्रों का कहना है कि रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने के कारण शहर में बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है।

#### गर्मी में हलाकान हो रहे लोग

स्थानीय निवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो गया है। एक तरफ झुलसाने वाली धूप है और दूसरी तरफ रातभर होने वाली अघोषित कटौती ने नींद हराम कर दी है। बिजली विभाग का स्टाफ मरम्मत कार्य में जुटा है, लेकिन पुराने पड़ चुके बुनियादी ढांचे के कारण समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

#### 5 मई तक चलेगा सिलसिला

सीएसईबी द्वारा 10 अप्रैल से 5 मई तक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। इस मेंटेनेंस कार्य की शुरूआत भी भीषण गर्मी के बीच की गई है। जिसके चलते लोगों को काफी समस्या हो रही है। पहले ही लोग गर्मी से हलाकान हैं। ऊपर से एसी, पंखा, कूलर बंद हो जाने से स्वास्थ्यगत समस्या भी हो रही है।

### विपक्ष का चाल चरित्र और चेहरा उजागर- मनोज

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजनीतिक दलों को भारत की जनता के सामने बेनकाब किया, जिन्होंने संसद में महिला आरक्षण बिल के पक्ष में वोट नहीं दिया और जिसके कारण यह ऐतिहासिक बिल पास नहीं हो सका।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर देश की आधी आबादी को उसका हक देने का काम किया।

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से राजनीति में मातृशक्ति की सीधी भागीदारी तय हो जाती, लेकिन कांग्रेस, सपा, राजद समेत कई विपक्षी दलों ने सदन में इस बिल का विरोध किया या वोट से किनारा कर लिया। इन दलों ने दशकों तक महिला आरक्षण का सिर्फ नारा दिया, लेकिन जब मोदी सरकार ने इसे हकीकत में बदलने का मौका दिया तो इनका महिला-विरोधी चेहरा जनता के सामने आ गया। देश की महिलाएं इसका बदला भविष्य में जरूर लेगी।

## कंपनी में यौन शोषण, हिंदू संगठनों ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अमरावती और नासिक में संचालित टीसीएस कंपनी में कार्यरत हिन्दू लड़कियों के साथ यौन शोषण, उनकी अश्लील सीडी बनाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए जाने के मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने इस पर कड़ा विरोध जताते धर्म परिवर्तन की जिहादी मानसिकता का पुतला जलाया।

शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते कहा कि टीसीएस कंपनी में कई हिंदू लड़कियों का अश्लील सीड़ी बनाकर उनका आर्थिक, मानसिक, शारीरिक शोषण किया गया। इसके साथ ही धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख अरूण गुप्ता ने कहा कि टीसीएस कंपनी में जिहादी मानसिकता के व्यक्ति द्वारा हिंदू महिलाओं का यौन शोषण कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए दबाव दिया गया, उनको देह व्यापार में धकेला जा रहा है।



#### नारेबाजी कर जलाया पुतला

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से रैली के रूप में लव जिहाद बंद करो और जिहादी मानसिकता के लोगों को फांसी देने मांग करते रैली निकाली और शहर के महाकाल चौक पहुंचकर पुतला दहन किया।

#### पानी डालने से आक्रोशित हुए कार्यकर्ता

इस घटना के विरोध में पुतला दहन के दौरान उपस्थित पुलिस जवान द्वारा पुतले की आग बुझाने पानी डालने का प्रयास किया गया। जिससे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा कि देश में इस तरह की घटना हो रही है और पुतला जलाने पर पानी डाला जा रहा है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गांधी चौक स्थित रामायण प्रचारक समिति से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर भव्य बाइक रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकली बाइक रैली को लेकर समाज के कौशल शर्मा और राहुल बल्दे मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष दो दिनों तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व रैली शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

#### रैली पश्चात प्रसादी वितरण

भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर निकली रैली गांधी चौक स्थित रामायण प्रचारक भवन से निकलकर दुर्गा चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान रैली पुनः रामायण प्रचारक समिति पहुंचकर संपन्न हुई, जहां भोजन प्रसादी वितरण किया गया।

#### बड़ी संख्या में समाज के युवा हुए शामिल

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्मोत्सव को लेकर नवयुवक ब्राह्मण मंडल द्वारा रैली का आयोजन किया गया। इस मोटर साइकिल रैली में बड़ी संख्या में भगवान परशुराम का जयकारा लगाते समाज के युवा शामिल हुए।

## साइबर फ्रॉड गिरोह का मास्टर माइंड हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

फेसबुक एवं व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को ओल्ड कॉइन, नोट के बदले लाखों रुपए मिलने का लालच देकर ऑनलाइन ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने साइबर फ्राड गिरोह के मास्टर माईंड आरोपी को हरियाणा के मेवात से पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी नेताराम देवांगन 39 वर्ष निवासी पद्मावतीपुर थाना छुईखदान द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न नंबरों से संदेश प्राप्त हुए। जिनमें पुराने सिक्के एवं नोट के बदले लाखों रुपए मिलने का प्रलोभन दिया गया। प्रार्थी ने लालच में आकर 5 का पुराना नोट भेजा। जिसके बदले उसे 37,94,000 देने का झांसा दिया गया। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस, कस्टम फीस आदि के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए। साथ ही नगद भेजने एवं पुलिस द्वारा पकड़े जाने का भय दिखाकर और पैसे वसूले गए। आरोपी द्वारा कुल 11,70,000 की धोखाधड़ी की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में 318(4), 336, 338, 340 भा.दं.सं. एवं 66डी आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### 40 सिम कार्ड का उपयोग

पुलिस के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच में लगभग 20 बैंक खातों एवं 30-40 फर्जी सिम कार्ड का उपयोग पाया गया। तकनीकी विश्लेषण से आरोपी का लोकेशन हरियाणा राज्य के नूंह जिले में पाया गया। पुलिस टीम द्वारा हरियाणा जाकर स्थानीय पुलिस की सहायता से आरोपी मोहम्मद जाहिर 19 वर्ष ग्राम डूंगेजा जिला नूंह हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा पूछताछ में अपराध स्वीकार किया गया।

#### मोबाइल, एटीएम कार्ड बरामद

घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन छिपाकर रखा गया था, जिसे बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी से 9 मोबाइल फोन, 2 एटीएम कार्ड, 4000 नगद बरामद किया। आरोपी को 15 अप्रैल को हरियाणा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया। 17 अप्रैल को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।इस संपूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल खैरागढ़ एवं थाना छुईखदान पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार थाना डोंगरगढ़ के धारा 137(2) बीएनएस के मामले में अज्ञात आरोपी द्वारा 24 दिसंबर 2025 को लगभग 4 बजे एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में अपहत बालिका एवं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। ऑपरेशन "मुस्कान" के तहत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगढ़, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में टीम द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा था।



#### हैदराबाद से नाबालिग बरामद

तलाश के दौरान जानकारी मिली कि अपहृत बालिका हैदराबाद तेलंगाना में है, जिस पर तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया। टीम द्वारा हैदराबाद से आरोपी दीपक कांडे 21 वर्ष के कब्जे से नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया गया। जांच के दौरान आरोपी द्वारा बालिका के साथ शारीरिक शोषण किया जाना पाए जाने पर आरोपी को धारा 137(2), 64(2)(एम) बीएनएस एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### अंतिम सूची जारी

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर राजनांदगांव में केसवर्कर के 1 पद, बहुद्देशीय कर्मचारी व रसोईया के 1 पद पर भर्ती के लिए प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। जारी अंतिम पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन वेबसाईट एवं कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर किया जा सकता है।




## औद्योगिक प्रतिष्ठानों और पावर प्लांट की बैठक में निर्देश

# उद्योगों में सुरक्षा का करें कड़ाई से पालनः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 16 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतराई स्थित पावर प्लांट में हुए हादसे के मद्देनजर जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं पावर प्लांट सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक उपकरण एवं मशीन की व्यवस्था होनी चाहिए। भविष्य में ऐसे हादसे एवं दुर्घटना न हो इसके के लिए सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान आवश्यक सावधानी एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट में कमियां पाई गई है, जिन्हें एक सप्ताह में प्राथमिकता से ठीक करें।

उन्होंने अग्निशामक यंत्र, फायर अलार्म, मशीनों का उचित संचालन, उपकरण, रखरखाव, बायलर, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा मापदंड, कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट में तकनीकी प्रक्रियाओं एवं कार्यों का सतत निरीक्षण होना चाहिए। वायु प्रदूषण से संबंधित प्रदूषण नियंत्रण के लिए एएसपी अंतर्गत, डस्ट संग्रहण, बैग फिल्टर, बैग हाऊस, वेट स्क्रबर, उद्योगों में संभावित प्रदूषण के दृष्टिगत जल छिड़काव व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा न्यूट्रालाईजेशन पिट, सेटलिंग टैंक होना चाहिए।



#### जल संरक्षण के लिए आगे आए उद्योगपति

कलेक्टर ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में जल संरक्षण के लिए वाटर स्ट्रक्चर का निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल के संरक्षण के लिए विभिन्न तरह के रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को 15 मई तक वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर, रैन वाटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण करने के निर्देश दिए।

#### इंजेक्शन वेल का प्रजेंटेशन

इस दौरान प्रजेंटेशन के माध्यम से इंजेक्शन वेल, बोरवेल रिचार्ज, रिचार्ज किट एवं रिचार्ज साफ्ट, उद्योगों में पानी का पुनः उपयोग, स्लम वाटर ड्रेनेज प्रबंधन, परकोलेशन टैंक रिचार्ज, मिनी परकोलेशन टैंक एवं वाटर स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई। अग्निशामक यंत्रों के विभिन्न प्रकार एवं सुरक्षा के विभिन्न उपायों के संबंध में भी बताया गया।






**समस्या : लाखों रुपए की लागत से लगाए गए ये उपकरण, लाभ से वंचित यात्री**

# वॉटर एटीएम बना शोपीस, भीषण गर्मी में सूखी पड़ी सुविधा, वर्षों से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच जहां आमजन पेयजल के लिए जूझ रहे हैं, वहीं नगर में लाखों रुपए की लागत से स्थापित वॉटर एटीएम निष्क्रिय पड़े हैं। करीब 13-13 लाख रुपए की लागत से लगाए गए ये उपकरण या तो लंबे समय से बंद हैं या पूरी तरह गायब हो चुके हैं। इससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। बस स्टैंड स्थित वॉटर एटीएम पिछले लगभग कई वर्षो से बंद पड़ा है। यह स्थान शहर का प्रमुख आवागमन केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्री और राहगीर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें इस सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल रहा। मशीन जर्जर अवस्था में धूल फांक रही है और जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। वहीं नवीन बाजार क्षेत्र में स्थापित वॉटर एटीएम की स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां पूरा स्ट्रक्चर ही गायब हो चुका है। इतने महंगे उपकरण के गायब होने से सुरक्षा व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि इसकी निगरानी किसके जिम्मे थी और अब तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई। इस योजना का उद्देश्य नागरिकों को मात्र एक रुपए में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, जो विशेषकर गर्मी के मौसम में अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता था। लेकिन रखरखाव की कमी, निगरानी के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के चलते योजना पूरी तरह ठप हो गई है। नगर में फिलहाल विभिन्न स्थानों पर अस्थायी प्याऊ घर संचालित किए जा रहे हैं, जहां लोगों को निःशुल्क पानी मिल रहा है। इससे कुछ राहत अवश्य मिली है, परंतु स्थायी समाधान के रूप में स्थापित वॉटर एटीएम का बंद होना व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है।




### योजना का उद्देश्य और विफलता

नगर में लगाए गए वॉटर एटीएम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सस्ती दर पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। प्रत्येक मशीन पर लगभग 14 लाख रुपए खर्च किए गए थे। लेकिन तकनीकी खराबी, रखरखाव की कमी और निगरानी में लापरवाही के कारण यह योजना प्रारंभिक चरण में ही विफल होती नजर आ रही है।

### जिम्मेदारी तय करने की मांग तेज

वॉटर एटीएम के बंद होने और एक के गायब होने के मामले में स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, साथ ही बंद पड़े एटीएम को तत्काल सुधार कर पुनः चालू किया जाना आवश्यक है।

### रखरखाव व निगरानी के अभाव में जर्जर

स्थानीय नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश है। नागरिक राकेश जायसवाल सहित अन्य लोगों का कहना है कि यदि समय पर रखरखाव और निगरानी की जाती, तो यह सुविधा आज आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती।



## आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में धनेली टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भगतपुर-धनेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में धनेली की दो टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें इस प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें दो टीम भगतपुर और दो टीम धनेली की थीं।

शानदार प्रदर्शन करते हुए धनेली की दोनों टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। इस फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच कपिल चंद्राकर उपस्थित थें, साथ विशिष्ट अतिथि रामफल चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, दिनेश पाण्डेय, अशोक चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, लाला चंद्रवंशी एवं सोनू चंद्रवंशी उपस्थित थें। जिस पर विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार रामफल चंद्रवंशी द्वारा दिया गया।

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि खेल को हमेशा शांति, सद्भावना और भाईचारे के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए ब्लॉक और विधानसभा स्तर तक आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रामवासी नंदलाल चंद्राकर, भागवत साहू, भोजराम साहू, अतुल राज सहित बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

## छात्रा आस्था सिंह ठाकुर ने कराते में जीते दो रजत पदक



■ रजत पदक, सिल्वर मेडल हासिल कर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों दिशा पब्लिक स्कूल रायपुर द्वारा 11 एवं 12 अप्रैल को ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 450 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के बीच श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा आस्था सिंह ठाकुर ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का बेहतरीन परिचय दिया। आस्था ने कुमिते एवं काता दोनों ही स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए शानदार मुकाबले खेले और दोनों ही इवेंट में रजत पदक, सिल्वर मेडल हासिल कर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

छात्रा आस्था की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उनकी सफलता न केवल अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा आस्था सिंह ठाकुर को बधाई दीं।

## महिला सशक्तीकरण पर सियासत तेजः संतोष चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित प्रावधान को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी ने केंद्र सरकार की पहल पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के 78 वर्षों तक महिला सशक्तिकरण का विषय अधिकतर भाषणों और वादों तक सीमित रहा, जबकि वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में अपेक्षित ठोस कदमों की कमी बनी रही।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को उन्होंने देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का रुख दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। उनके अनुसार, इस मुद्दे पर राजनीतिक विरोध के चलते महिलाओं की अपेक्षाओं और विश्वास को ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखा गया और उनकी वास्तविक भागीदारी को टालने का कार्य किया गया।

उन्होने कहा कि आज देश की महिलाएं जागरूक हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं। वे सभी निर्णयों पर नजर रख रही हैं और समय आने पर उचित प्रतिक्रिया देंगी।

### किसानों को राहत पंजीयन तिथि 20 अप्रैल तक बढ़ी

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम में पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 20 अप्रैल 2026 कर दी गई है। इससे उन किसानों को अतिरिक्त समय मिल गया है, जो अब तक पंजीयन नहीं करा सके थे। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन व रबी विपणन वर्ष 2026-27 की चना, मसूर और सरसों फसलों के लिए किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यां संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऋण पुस्तिका, बी.1, पी.2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है। जिले के चिन्हांकित खरीदी केंद्रों में केंद्रीय एजेंसी नेफेड के माध्यम से उपज की खरीदी की जाएगी। खरीदी का कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगा।

## महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष का विरोध, महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय : भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन विधेयक कल लोकसभा में पारित नहीं हो पाया। इस अधिनियम को पारित होने से रोकने के लिए कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी द्वारा एकजुट होकर महिलाओं के लिए लाए गए इस अधिकार का विरोध करते हुए लोकसभा सदन में उसे पारित होने से रोक दिया गया।

विपक्षी पार्टियों द्वारा किए गए इस कृत्य पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व और निति निर्माण की दिशा में विशेष स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने हेतु 16 से 18 अप्रैल तक लोकसभा में विशेष सत्र बुलाया गया है लेकिन, विपक्षी पार्टियों द्वारा लोकसभा में जो किया गया, वह भारत की प्रत्येक महिला के सम्मान और अधिकारों के साथ सीधा अन्याय है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक अवसर विपक्ष ने एक बार फिर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुर्बान कर दिया। कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण की इस पहल को रोकने का जो निंदनीय काम किया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं अन्य विपक्षी पार्टियों ने इस अधिनियम में बाधा लाने का जो कार्य किया है उससे स्पष्ट है कि उनके लिए महिलाएं केवल एक वोट बैंक हैं, उन्होने कहा कि महिलाएं केवल वोट बैंक नहीं हैं, वे इस देश की शक्ति हैं, भविष्य हैं। उनके अधिकारों को बार-बार कुचलने की यह मानसिकता देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।

### महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान, सहभागिता और उनके स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखकर उन्हें प्रतिनिधित्व का अवसर देने का प्रयास

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान, सहभागिता और उनके स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखकर उन्हें प्रतिनिधित्व का अवसर देने का सार्थक प्रयास किया, लेकिन विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को दरकिनार करने का जो कृत्य किया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति का यह अपमान अब हर गांव, हर शहर और हर मंच पर गूंजेगा। देश की माताएं-बहनें इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से अवश्य देंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन विधेयक को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी द्वारा बाधित करना लोकतंत्र की भावना और महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के साथ सीधा खिलवाड़ है। यह विधेयक केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के वर्षों पुराने संघर्ष, उनके सपनों और उनके समान भागीदारी के अधिकार का प्रतीक है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को नीति निर्माण, नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त होना था। लेकिन विपक्ष ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के चलते इस ऐतिहासिक अवसर को कुचलने का कार्य किया है। यह केवल विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, उनके नेतृत्व और उनकी क्षमता पर अविश्वास को दर्शाता है।

## अशोका स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा







अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिसमें विद्यालय के शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों हर्ष नागराज ने 89 प्रतिशत, अतिशय जैन ने 88 प्रतिशत एवं कुंजल राणा ने 83 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। जिस पर विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सफलता का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्राचार्य एसएल नापित, उप-प्राचार्य लोकनाथ देवांगन तथा एडमिन सागर नामदेव ने विद्यार्थियों को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह स्कूल का यह परिणाम न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## बाजारों में आम की बढ़ी मांग...



**कवर्धा।** कोलेगांव। कोलेगांव में अक्ति (अक्षय तृतीया) के पावन पर्व एवं शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए बाजारों में आम की मांग बढ़ गई है। स्थानीय बाजार में आम लगभग 20 प्रति किलो की दर से बिक रहा है, जिससे खरीददारों में उत्साह देखने को मिल रहा है। अक्ति पर्व के अवसर पर आम खरीदना शुभ माना जाता है, जिसके चलते बाजार में काफी भीड़ नजर आई। बताया जाता है कि लगभग हर व्यक्ति आम की खरीदी करते हुए दिखाई दिया। व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की संभावना है।

**बचपन छीन रही कुप्रथाः रोकथाम के बावजूद बाल विवाह जारी**

## बाल विवाह पर लगाम नहीं, अक्षय तृतीया पर बढ़ी सतर्कता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। वनांचल से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक यह समस्या अब भी जड़े जमाए हुए है। हालांकि जिला प्रशासन की सक्रियता और सतर्कता के चलते कई मामलों में समय रहते हस्तक्षेप कर बाल विवाह रोके जा रहे हैं, जिससे नाबालिग बच्चों को समय से पहले वैवाहिक जिम्मेदारियों से बचाया जा रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रतिवर्ष औसतन 5 से 15 बाल विवाह रोके जा रहे हैं। वर्ष 2016 से मार्च 2025 तक कुल 127 मामलों में कार्यवाही कर बाल विवाह रुकवाए गए हैं, जबकि वर्ष 2026 में अब तक 5 मामलों में हस्तक्षेप किया जा चुका है। वर्ष 2018 में सर्वाधिक 20 बाल विवाह रोके गए थे। वहीं अक्षय तृतीया जैसे पर्वो पर बड़ी संख्या में विवाह आयोजित होते हैं, जिसे बाल विवाह की दृष्टि से संवेदनशील समय माना जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय बाल विवाह रोकथाम टीम विशेष निगरानी रखती है। इस वर्ष भी प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बाल विवाह रोके गए हैं, जबकि मुख्य वैवाहिक अवधि अभी शेष है। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक सोच, जागरूकता की कमी और आर्थिक दबाव इस कुप्रथा के प्रमुख कारण बने हुए हैं। कई परिवारों में बेटियों की अधिक संख्या और कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते कम उम्र में विवाह का निर्णय लिया जाता है। वहीं शिक्षा से दूरी भी इस समस्या को बढ़ावा देती है, जिससे बच्चों के भविष्य के विकल्प सीमित हो जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कम उम्र में विवाह और मातृत्व किशोरियों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं, अत्यधिक रक्तस्त्राव, उच्च रक्तचाप और संक्रमण जैसी समस्याएं जानलेवा साबित हो सकती हैं। इसके साथ ही नवजात शिशुओं में कुपोषण, संक्रमण और मृत्यु दर का खतरा भी बढ़ जाता है। बाल विवाह रोकने के लिए कानून भी सख्त है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। इसके बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित बदलाव न होने से यह कुप्रथा अब भी चुनौती बनी हुई है।

### आंकड़ों में कार्यवाही, फिर भी चुनौती बरकरार

जिले में वर्ष 2016 से मार्च 2025 तक 127 बाल विवाह रोके गए हैं। वर्ष 2018 में सर्वाधिक 20 मामलों में हस्तक्षेप किया गया। वर्ष 2026 में अब तक 5 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। हर वर्ष 5 से 15 मामलों का सामने आना दर्शाता है कि समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।

### कारण और दुष्परिणाम दोनों गंभीर

बाल विवाह के पीछे जागरूकता की कमी, पारंपरिक सोच, आर्थिक दबाव और शिक्षा से दूरी प्रमुख कारण हैं। कम उम्र में विवाह से किशोरियों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिसमें गर्भावस्था जटिलताएं, कुपोषण और नवजात शिशुओं में मृत्यु दर का खतरा शामिल है। यह कुप्रथा बचपन के साथ भविष्य को भी प्रभावित करती है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कार्रवाई : आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

# अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब ले जाते हुए आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पंडरिया द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब का अवैध परिवहन करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते शकुरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में अवैध रूप से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर पंडरिपथरा की ओर से पंडरिया की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की गई। थाना पंडरिया पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी रघुराज श्याम पिता जनकराम श्याम आयु 40 वर्ष निवासीपाढी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब कुल 08 लीटर (कीमत लगभग 800 रुपए) एवं महुआ शराब परिवहन में प्रयुक्त हीरो सीडी डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेएम 7717 कीमत लगभग 40,000 रुपए को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत थाना पंडरिया में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण मोहले, आरक्षक अभिषेक शर्मा, राजू चंद्रवंशी, हरनारायण चेलकर एवं हकुम माथुर का विशेष योगदान रहा।

## जिले के वनांचल इलाका में खुलेआम बन रही महुआ शराब



कबीरधाम जिले के विकासखण्ड, पंडरिया से लेकर बोड़ला और स लोहारा के वनांचल ईलाकों में जमकर महुआ की अवैध शराब बन और बिक रही है। आलम ये है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग वनांचलों में नदी, नालों के आसपास तथा वनांचल के भीतर अवैध ढंग से हाथ भट्टी लगाकर महुआ की कच्ची शराब बना रहे हैं और खुलेआम बेंच रहे हैं। बताया जाता है कि देशी व अंग्रेजी शराब की अपेक्षा इसके दाम कम होने के कारण इसकी मांग भी क्षेत्र में काफी अधिक है। ऐसे में माना जा रहा है कि महुआ शराब के खिलाफ शासन-प्रशासन को अभियान चलाकर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# भीषण गर्मी में तेजी से गायब हो रहा अंचल के जल स्त्रोतों का पानी

लोगों सहित मवेशियों व जानवरों के सामने गहरा रहा जल संकट



■ विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के कई गांव हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोगों व मवेशियों के लिए काफी उपयोगी माने जाने वाले अंचल के कई नदी, नाले व तालाब बस अग कुछ ही दिनों के और साथी है।

लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते इन जल स्त्रोतों का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। जिसकी चिंता क्षेत्रवासियों में देखी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि आज भी जिले के कई ग्राम ऐसे है जहां के बासिंदे निस्तारी के लिए नदी, नालों व उन जल कुण्डों पर निर्भर है जो बारिस के दिनों में भर जाते है। इनका उपयोग ग्रामीण नहाने, कपड़े धोने से लेकर मवेशियों को पानी पिलाने तक में करते है। लेकिन लगातार बढ़ रही गर्मी के साथ ये उपयोगी जल स्त्रोत ग्रामीणों का साथ छोड़ते नजर आ रहे है। विकासखण्ड बोड़ला के अंदरूनी ईलाकों के वनवासियों की माने तो वे मुख्य रूप से जंगल के भीतर बहने वाली छोटी नदियों व नालों के पानी पर आश्रित है।

जिसकी बदौलत वे अपना और अपने मवेशियों की जरूरत पूरी कर लेते है। लेकिन तपिस बढने के साथ अब इन नदी, नालों का पानी कम होते जा रहा है। वनवासियों ने बताया कि प्रायः हर वर्ष अप्रैल-मई तक इनका पानी पूरी तरह सूख जाता है। लेकिन बीते वर्ष अच्छी बारिस होने के कारण अभी भी ये नदी, नाले उनकी जरूरत पूरी कर रहे है, पर यह अब कुछ ही दिन संभव है। उन्होंने बताया कि इन नदी-नालों के सूखने के बाद उन्हें झिरिया खोदकर काम चलाना पड़ेगा।

इसी प्रकार कुण्डा क्षेत्र से बहने वाली हाफ नदी के किनारे बसे लोगों ने बताया कि नदी का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। उन्होंने स्थिति को देखते हुए संभावना व्यक्त की है कि मई माह के अंत तक नदी के कम गहराई वाले हिस्सों से पानी गायब हो जायेगा। यहां बताना लाजमी होगा कि हाफ नदी पर भी दर्जनो गांव की निस्तारी निर्भर है।

कुल मिलाकर आने वाले दिनों में इस बात की पूरी संभावना है कि अंचल में बहने वाले अधिकांश नदी, नाले, तालाब व दूसरे जल स्त्रोत लोगों को साथ छोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप

### शहर कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



स.लोहारा। शहर के फुलवारी के पास स्थित बजरंगबली मंदिर में चोरी और मूर्ति खंडित किए जाने की घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपा है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि 18 दिसम्बर 2023 से आज पर्याप्त जितनी मंदिरों, देवालयों को खंडित एवं धार्मिक आस्था को चोट पहुचाया गया है, उस पर क्या कार्यवाही हुआ है, सार्वजनिक करें एवं अपराधियों की पहचान एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक करें अन्यथा गृहमंत्री कार्यालय का घेराव किया जायेगा ,जिसकी जवाबदेही पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, मणिकांत त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष, श्रीमती नारायणी टोड्रे, शहर महिला अध्यक्ष, हितेश चंद्रवंशी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, संतोष यादव, गणेश योगी, नंदराम पाटिल, अंकित चौबे ,अश्वनी कौशिक, राजू मिराज, श्रीमती सुशीला धुर्वे ,गौतम सारथी, जितेंद्र कौशिक ,कृष्णा साहू, प्रवीण वैष्णव उपस्थित थे।

# गौ तस्कर गिरफ्तार, चार मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा गौ तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस संबंध में रेंगाखार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौ सेवकों की सूचना पर पुलिस टीम ने लोहारा की ओर से एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 50 जेड 6923 से चार नग मवेशियों को लोड कर अवैध रूप से मध्य प्रदेश की ओर कत्लखाने ले जाया जा रहा था। बताया जाता है कि गौ सेवकों द्वारा मवेशी तस्करी कर रहे वाहन का पीछा किए जाने पर वाहन चालक ग्राम सूपखार थाना रेंगाखार के पास वाहन एवं मवेशियों को छोड़कर फरार हो गया। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन एवं मवेशियों को अपने कब्जे में लिया गया। मौके से दो नग भैंसी, एक नग भैंस एवं एक नग बछड़ा, कुल अनुमानित कीमत 1,50,000 रुपए तथा बोलेरो पिकअप वाहन कीमत लगभग 4,00,000 रुपए, कुल जुमला 5,50,000 रुपए का माल जप्त किया गया। विवेचना के दौरान परिवहन अधिकारी बालाघाट (मध्य प्रदेश) से प्राप्त जानकारी के आधार पर वाहन स्वामी से पूछताछ की गई, जिससे आरोपी का नाम शंकर सेंद्रे पिता स्व. खुशीराम सेंद्रे, उम्र 31 वर्ष, निवासी मोहगांव थाना मलाजखंड जिला बालाघाट (मध्य प्रदेश) होना ज्ञात हुआ। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मोहगांव पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया, जिसके पश्चात उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया और आरोपी को माननीय न्यायालय कवर्धा में रिमांड पर प्रस्तुत किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव के दिशा-निर्देशन में थाना रेंगाखार प्रभारी बीआर बिसेन एवं टीम द्वारा की गई।



## आसमान छूने लगे नींबू के दाम...



कवर्धा। भीषण गर्मी से राहत पाने नीबू की मांग बढ़ी, आसमान छू रहे दाम।

# केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता देने की मांग

■ टीचर्स एसोसिएशन ने कहा, केंद्रीय में दो प्रतिशत की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

टीचर्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि का स्वागत करते हुए राज्य शासन से समान लाभ की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने एक जनवरी 2026 से महंगाई भत्ते को 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है, जिसे अब छत्तीसगढ़ में भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त किया कि प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को वर्ष 2019 से निरंतर केंद्र के समान देय तिथि से वंचित रखा जा रहा है। वर्तमान व्यवस्था के तहत राज्य सरकार द्वारा केंद्र की घोषणा के पांच-छह माह बाद भत्ता प्रदान किया जाता है, जिसके चलते प्रत्येक कर्मचारी को सालाना बीस से पच्चीस हजार रुपए का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने छ्ग शासन से आग्रह किया है कि न केवल वर्तमान वृद्धि को लागू किया जाए, बल्कि वर्ष 2019 से लंबित महंगाई भत्ते की अंतर राशि का भुगतान भी अविलंब सुनिश्चित किया जाए ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो सके।

# हंगामाः एफआईआर से नाराज युवक चढ़ा टावर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के दशरंगपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दशरंगपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक कथित पुलिस कार्रवाई से नाराज़ होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टावर पर चढ़ने वाले युवक की पहचान मनीष चंद्राकर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पहले से ही मारपीट का मामला दर्ज है। बताया जा रहा है कि होली के दिन ग्राम खंडसरा में कोटवार के घर में घुसकर उसके बेटे के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में मनीष चंद्राकर के दो साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मनीष के खिलाफ भी अपराध दर्ज है। इसी कार्रवाई से आक्रोशित होकर उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। काफी समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




# विशेषज्ञों ने बच्चों में टाइप 1 डायबिटीज की समय से पहचान और उपचार के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बच्चों में बढ़ते मधुमेह, विशेषकर टाइप 1 डायबिटीज बाल मधुमेह की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एकम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय तीन सत्रों में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और मितानिन प्रशिक्षक शामिल हुए।

अक्षय तिवारी ने बताया की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप डायबिटीज के प्रभाव लक्षणों की शीघ्र पहचान समयानुकूल उपचार एवं समग्र प्रबंधन के संबंध में तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे समुदाय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सकें। परामर्श काउंसलिंग एवं रोगी सहायता समूहों की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता रणनीतियां, मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग का महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी व उपचार के तरीकों की जानकारी दी गई।




## शिकायत मिलने पर विभाग द्वारा होटल से चिकन ग्रेवी का सैंपल भी जांच के लिए भेजा

# कवर्धा में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, 7 नमूने जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूने संग्रहित किए हैं। विभाग को मिली शिकायत एवं गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 15 अप्रैल 2026 को सुमित बाजार, लोहारा रोड कवर्धा से पैक्ड जैन चना पापड़, लूसा गेहूं आटा एवं पैक्ड शुभ बेसन के तीन विधिक नमूने तथा दो कार्बोनेटेड वाटर और दो फ्लेवर्ड सॉफ्ट ड्रिंक के चार निगरानी नमूने, कुल सात खाद्य नमूने लिए। इसके अतिरिक्त, वाटरली पानी प्लांट से पैक्ड पानी का एक नमूना लिया गया। वहीं, प्राप्त शिकायत के आधार पर 16 अप्रैल 2026 को देवांगन होटल, बस स्टैंड कवर्धा से चिकन ग्रेवी का नमूना भी संग्रहित किया गया। सभी संकलित नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर एवं देश के अन्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में भेजा गया है। यह कार्रवाई अभिहित अधिकारी मुकेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती साधना चंद्राकर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी फणीभूषण जायसवाल की टीम द्वारा की गई। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों एवं निर्माताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापारियों को मानक स्तर के खाद्य पदार्थों का विक्रय करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा बिना लाइसेंस या पंजीयन के व्यवसाय न करने के सख्त निर्देश दिए हैं। विभाग का यह जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। लेकिन यहां बताना लाजिमी होगा कि विभाग द्वारा कार्यवाही के नाम पर सिर्फ नमूनो को जांच के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही है।



# करीब 42 डिग्री पहुंचा कवर्धा का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा सहित जिले के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार 18 अप्रैल को कवर्धा में तेज गर्मी, के साथ आसमान में शनिवार को कवर्धा में दिन का अधिकतम तापमान करीब 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी के अनुसार रविवार को कवर्धा का अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते तापमान में गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने दोपहर में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

